## खबर संक्षेप



### सिर्फ पेड़ पौधे ही प्रदूषण घटाने में सहायक

**घरौंडा।** श्री रामलीला कमेटी घरौंडा एवं युवा सेवा संगठन के द्वारा 'वृक्षारोपण अभियान 2024' के दुसरे दिन घरौंडा नगरपालिका पार्षद अश्वनी राणा व महाछठ पूजा समिति के सहयोग से निर्माणधीन सूर्य मन्दिर में 30 पौधे रोपित किए गए, पूरी समिति व पार्षद जी द्वारा पौधे की देखभाल की जिम्मेवारी ली गई l कार्यक्रम में अश्वनी राणा जी द्वारा संदेश दिया गया कि पौधारोपण ही पर्यावरण को बचाने का एकमात्र साधन है, पेड़ पौधों द्वारा ही हम साफ हवा ले सकते है और बीमारियों से दूर रह सकते हैं।



### मनोज सचदेवा दूसरी बार बने प्रधान

**करनाल।** रविवार को रेजीडेंसी वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 32 की मीटिंग में कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। चुनाव प्रक्रिया मयंक आहूजा की देखरेख में सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने मनोज सचदेवा को दूसरी बार प्रधान चुना। इसके अलावा मंजुल मिश्रा उपप्रधान, नीरज शर्मा सचिव, अरविंद कुमार सह-सचिव व संजीव कुमार कोषाध्यक्ष पद पर चुने गए। कार्यकारिणी में सदस्यों के रूप में मयंक आहूजा, प्रदीप वोहरा, संजीव राणा, रणबीर, अनुज टूर्ण, विशाल, स्पर्श चौहान व विपुल मान कार्य करेंगे। नई कार्यकारिणी ने ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ ली।

### श्रीमद्भागवत गीता में इग्नू करवाएगा एमए

**करनाल।** राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल बताया की इग्नू ने श्रीमद्भागवत गीता में एमए डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है। यह ओडीएल मोड में जुलाई 2024 से उपलब्ध है। अब इस नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से छात्र श्रीमद्भागवत गीता का ज्ञान ले सकेंग। इग्नू ने हाल ही में श्रीमद्भागवत गीता को लेकर एमए डिग्री प्रोग्राम शुरू किया है, ये कोर्स ओडीएल मोड में जुलाई 2024 सेशन से ही संचालित होगा। विश्व के किसी भी विश्वविद्यालय में श्रीमद्भागवत गीता को लेकर कोई डिग्री प्रोग्राम नहीं था। यहां तक की हिंदू यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका में भी सर्टिफिकेट या डिप्लोमा ही संचालित है।

### स्वीटी रंगा ने कांग्रेस की नीतियों का किया प्रचार

**कुरुक्षेत्र।** हल्का शाहाबाद के गांव मामू माजरा में कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार किया। स्वीटी रंगा ने बताया कि हरियाणा में बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनेगी क्योंकि मौजूदा सरकार की नीतियों से समाज का हर वर्ग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आज युवा बेरोजगार घूम रहे हैं और हर तरफ महंगाई की मार पड़ रही है।

## रक्तदान करके मनाया भारत विकास परिषद ने स्थापना दिवस

# रक्तदान करना जरूरतमंद के लिए सबसे बड़ा वरदानः भूपेंद्र लाठर

**शिविर में 190 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 130 लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा





भारत विकास परिषद्, शाखा घरौंडा द्वारा परिषद् स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्त दान शिविर कार्यक्रम का आयोजन शाखा अध्यक्ष श्री वरुण गुप्ता जी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री भूपेंद्र लाठर वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता एंव प्रधान जाट महासभा करनाल जी ने शिरकत की। उन्होंने कहा की रक्तदान बहुत हि पुण्य का कार्य है, हर इंसान को नियमित रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि नियमित रूप से रक्तदान करने से जहा हम जरूरतमंद मरीज की जान बचाने मे सहायता करते है वही नियमित रक्तदाता को भी कई बिमारियों से निजात मिलती है।

रविवार को रक्तदान शिविर में प्रांतीय अध्यक्ष श्री धीरज भाटिया, प्रांतीय महासचिव श्री कपिल गुप्ता, शाखा अध्यक्ष श्री वरुण गुप्ता एवं शाखा सदस्यगणों के साथ साथ शहर से आये गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भी रक्त दान किया गया। आज के शिविर में 190 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 130 लोगो ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि व अन्य शाखा पदाधिकारियों द्वारा सभी रक्त दाताओं को भेंट स्वरूप उपहार, प्रशस्ति पत्र व लेपल पिन लगाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मंच संचालन सचिव आशीष गुप्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के प्रकल्प प्रमुख राजेश गर्ग, रामनिवास शर्मा व सुनील धीमान रहे। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष वरुण गुप्ता ने सभी रक्तदातायों, जिला रेड क्रॉस सोसाइटी व उनकी डॉक्टर्स की पुरी टीम व सभी शाखा सदस्यगणो का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर वित सचिव रामकुमार, महिला एवं बाल विकास सह संयोजिका पूनम शर्मा, संगठन सचिव मनीष गुप्ता, प्रांतीय संयोजक राहुल गर्ग, प्रांतीय मीडिया प्रभारी नरेन्द्र राणा, पूर्व अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विजय गर्ग, पूर्व अध्यक्ष अजय सिंगला, निवर्तमान अध्यक्ष विकास सिंगला, पूर्व अध्यक्ष राजिंदर गोयल, पूर्व अध्यक्ष चांद पहल, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विक्रान्त राणा ,सह सचिव दीपक शर्मा, सह-सचिव सुनील धीमान, प्रैस सचिव हरीश गर्ग, डाक्टर जितेंद्र पाल, संजय गौतम,संजय शर्मा, सुभाष राणा, अरुण धीमान, विशाल खेड़ा,अभिषेक शर्मा, अंजू धीमान, इंदिरा गर्ग, ममता रानी,सोनिया शर्मा कीर्ति सचदेवा व अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### श्री श्याम सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर, 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया



**तरावड़ी।** रक्तदाताओं को एक पौधा व प्रंशसा पत्र देकर सम्मानित हुये समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**तरावड़ी।** श्री श्याम सेवा समिति की ओर से अग्रवाल धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ डा. विधि व अध्यक्ष तरुण बंसल ने ज्योति प्रज्वलित करके रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिसमें शहर भर के सामाजिक धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं से जुड़े प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए अग्रवाल सभा के अध्यक्ष व उद्योगपति रमेश गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। उन्होंने रक्तदान के लिए खासकर युवाओं को प्रेरित किया। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान जैसे अमूल्य कार्यों में आगे आना चाहिए। इस दौरान श्री श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष तरूण बंसल ने कहा कि रक्तदान महादान है, हर स्वास्थ्य व्यक्ति को तीन माह में रक्तदान करना चाहिए। शिविर में लोगो ने रक्तदान कर जिंदगी और मौत से जूझ रहे लोगों को जीवन बचाने में अपना सहयोग किया। बंसल ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे दिए गए खून से किसी एक व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर दीपक गोयल, अशोक गोयल ,नवीन गोयल ,तरुण बंसल , नीरज गुप्ता, राहुल गिरधर जॉनी सरदाना, पुनीत चुघ, हर्ष कटारिया, भूषण मिडडा, सोनू रमाना , सोनू सिंगला, भारत सचदेवा, राजीव गोयल , योगेश मिडडा, प्रमोद मित्तल, पी के भारद्वाज, मन्नी शर्मा रहे।



तरावड़ी। कांग्रेस प्रचार रथ द्वारा प्रचार शुरू करते हुये हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य राजेश वैध।

## कांग्रेस प्रचार रथ का शुभारंभ कर किया चुनावी शंखनाद

- कांग्रेस प्रचार रथ घर घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत कांग्रेस की गारंटी को हर गाँव में पहुंचाने की दिशा में एक सार्थक पहल : राजेश वैध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

बीजेपी के राज में आम आदमी महंगाई की मार से परेशान है व गरीब को दो वक्त की रोटी कमा पाना मुश्किल हो गया है उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य राजेश वैध ने घर घर कांग्रेस व कांग्रेस संकल्प पत्र को लेकर शुरू किए गए। प्रचार रथ का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये। वैध ने कहा की कांग्रेस पार्टी की सरकार आने पर बुजुर्ग की पेंशन 6 हजार रूपये महीना,गरीब दलित पिछड़ो को 100-100 गज के प्लॉट व शिक्षा, स्वास्थ्य फ्री की जाएगी। वैध ने कहा की हरियाणा में 15 जनवरी से घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश में की गई थी। सब कांग्रेस कार्यकत्र्ता हर बूथ पर इसके तहत पिछले 6 महीने से हर घर पर दस्तक दें रहें है। वैध ने कहा की ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 15 जनवरी से हर घर कांग्रेस घर घर कांग्रेस अभियान शुरू किया गया था जिसका मकसद हर घर और हर वोटर तक कांग्रेस की नीतियों और सरकार की नाकामियों को पहुंचाना है। इससे पहले लगातार पार्टी द्वारा जन आक्रोश रैलियां , जिला कार्यकर्ता सम्मेलन हो रहे है, जिनको जनता का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। अब प्रचार रथ अभियान के जरिए वोटर से गांवों गांवों जाकर संवाद स्थापित किया जाएगा। वैध ने कहा कि कार्यकर्ता जनता को बता रहे है कि कैसे कांग्रेस अपने वादे निभाने के लिए जानी जाती है जबकि बीजेपी वादे तोडऩे के लिए। राजस्थान में पांच सौ रूपये सिलेंडर की घोषणा से बीजेपी मुकर गई है। आज हरियाणा समेत पूरे देश में महंगाई व असमानता का माहौल है। हरियाणा के युवा देश से पलायन करने को मजबूर हैं। बीजेपी ने हरियाणा में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वैध ने कहा कि आज हर आदमी बीजेपी से परेशान है ओर वो कांग्रेस को विकल्प के रूप मे देख रहा है। इस दौरान एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा, एडवोकेट संजीव लाठर,नाथी राम सिंगर,शशि वत्स बरथल,सरदार बलबीर सिंह आतिस,जगदीश चंद्र, सत्यनारायण, जगदीश चंद्र,मास्टर मेहर चंद्र, बलराज, शकुंतला देवी, दलबीर सिंह, पूजा पार्षद समेत सेंकड़ो महिला व पुरुष कार्यकत्र्ता उपस्थित रहे।



### भारत विकास परिषद् ने कन्या की शादी में दिया शगुन

**तरावड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी द्वारा कन्या शगुन योजना के तहत खेम चन्द नजदीक शनि मन्दिर तरावड़ी की सुपुत्री की शादी के अवसर पर कन्या शगुन दिया गया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष योगेश मिड्डा ने कहा कि शाखा का हमेशा यही प्रयास रहता है कि गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की यथासंभव सहायता की जा सके । उन्होंने कहा की शाखा का मुख्य उद्देश्य आम एवं गरीब परिवारों की सेवा करना है और सेवा तो किसी भी रूप में की जा सकती है। भारत विकास शाखा तरावड़ी की ओर से स्कूल वर्दी, गर्म कपड़े, स्कूल की किताबें, गरीब परिवारों में राशन वितरण, रक्तदान शिवर, पौधा रोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम कन्या शगुन, एंबुलेंस सेवा, ठंडे पानी के वाटर कूलर लगाने, प्रकल्प चलाए जा रहे हैं। इस मौके पर प्रधान योगेश मिड्डा, दीपक गोयल, जयभारद्वाज, डा. विधि शर्मा, पी के भारद्वाज, रवि कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

### ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया

**करनाल।** सनातन धर्म मंदिर रामनगर में जश्न का माहौल रहा। ओम नमः: शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः: शिवाय का सामूहिक जाप किया गया।

शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरुआत हुई। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई।

## योग साधना शिविर में दिए स्वस्थता के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



हमारा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा प्रतिदिन कर्ण पार्क मानव सेवा संघ में बड़े उत्साह के साथ निःशुल्क योग कक्षा का आयोजन योग गुरु नवीन संदूजा किया जा रहा है नवीन संदूजा ने बताया कि योग साधकों के लिए योग को रोचक बनाए रखने, योगसाधको के उत्साह को निरन्तर गतिमान बनाए रखने के लिए सप्ताह में किसी एक दिन को स्पैशल योगा दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमें मुख्य रूप शनिवार को योगसाधक ब्लैक ड्रैसकोड में आते हैं और इस दिन विशेष रूप से मनाया जाता है उसी कड़ी में रविवार को योग साधना के रूप में मनाया गया। योग कक्षा के अंतर्गत विशेष रूप से पधारी खुशी चावला ने आए हुए सभी साधकों को ध्यान साधना कार्रवाई एवं उनके मूल बीज तत्वों का वृतांत रूप से वर्णन किया। उन्होंने योग साधको को बच्चे के अवस्था में लाकर ध्यान साधना करवाई जिसमें जैसे की बच्चे के लिए कोई नियम या मर्यादा नहीं होती ना ही कोई अहम-अहंकार होता है किसी बात का, ऐसा करने से अहम की समाप्ति होती है और ईश्वर की प्राप्ति का साधन आसान हो जाता है। साधक अपने अहम् को छोड़ कर शून्य की ओर अपनी यात्रा करता है। जिससे साधक को काफी हल्कापन महसूस होता है। आज की योग कक्षा में साधको को योग शिविर से काफी लाभ हुआ। योग साधना शिविर के उपरान्त साधको में प्रसाद का भी वितरण किया गया। योग साधना शिविर के उपरान्त विशेष रूप से पधारी खुशी चावला को स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## भाविप श्री राधा कृष्ण शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित

- समारोह में भाविप श्री राधा कृष्ण शाखा के पदाधिकारियों ने ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



भारत विकास परिषद की श्री राधाकृष्ण शाखा की ओर से डा. मंगलसेन ऑडिटोरियम में दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता भाविप के उत्तर हरियाणा प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया ने की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के ओएसडी संजय बठला भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक कल्पना चावला क्मूटेक प्राइवेट लिमिटेड रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन के बाद राष्ट्र गीत वन्देमातरम के साथ हुआ। कपिल गुप्ता ने दायित्व प्रदाता के तौर पर शाखा के नवनियुक्त दायित्व धारियों को शपथ ग्रहण करवाई। कपिल अतरेजा ने शाखा के नए सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया। कार्यक्रम पूर्व अध्यक्षा व प्रांतीय संस्कार सयोंजिका प्रियंका काठपाल के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में शाम बत्रा, अशोक महेंद्रू, श्री कृष्ण अरोड़ा, हर्षिता सुखीजा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में करनाल के सभी शाखाओं के मुख्य दायित्व धारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष उमेश तनेजा, सचिव देवेंद्र रोहिल्ला, वित सचिव राकेश अरोड़ा, महिला सयोंजिका अनिता सिंह, उपाध्यक्ष संदीप कुकरेजा, प्रमोद नागपाल, अनिल अरोड़ा, प्रभा शर्मा, संगठन सचिव मीनू सिंगला, रंजना पुरी महिला सहसयोंजिका व हरविंद्र नागपाल ने स्थाई प्रकल्प दायित्व की शपथ ली।

## टयूबवैल ऑपरेटरों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

- 15 को करेंगे सीएम हाउस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



पब्लिक हेल्थ ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटर आर्गेनाइजेशन की मीटिंग कर्ण पार्क में हुई। मीटिंग की अध्यक्षता जंग बहादुर यादव ने की। टयूबवैल ऑपरेटरों की मांगों पर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि 15 जुलाई को प्रदेशभर के ग्रामीण टयूबवैल ऑपरेटर करनाल में इक्टठा होंगे। प्रदर्शन करते हुए सीएम आवास का घेराव किया जाएगा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जसबीर सिंह व जंग बहादुर यादव ने कहा कि पिछले तीन वर्षो से सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि वेतन में बढ़ोतरी की जाए। जो वेतन अभी दिया जा रहा है वह बहुत कम है। महंगाई बढ़ती जा रही है, लेकिन सरकार ने वेतन नहीं बढ़ाया। टयूबवैल आपरेटरों का शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्य मांग है कि कौशल विभाग के अनुसार तय वेतन दिया जाए।

# जब तक हम हैं, तब तक किसी की रेहड़ी-फड़ी नहीं उठने देंगे: दिव्यांशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व करनाल से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी रहे दिव्यांशु बुद्धिराजा ने रविवार को सेक्टर 12 करनाल स्थित रेहड़ी-फड़ी वालों से मुलाकात के बाद यह बात कही।

सेक्टर 12 करनाल में पहुंचे दिव्यांशु बुद्धिराजा ने फड़ी वालों को आश्वासन दिया कि उनकी रोज़ी रोटी बंद नहीं होने देंगे। जो परिवार 25 वर्षो से संडे मार्केट में सामान बेचकर अपनी गुजर बसर कर रहें हैं, ऐसे परिवारों की फड़ियों को तोड़ना एक तरीक़े से उनके पेट पर लात मारने जैसा है। उन्होंने कहा कि यहां के हालात प्रशासन को मुख्यमंत्री के सामने रखने चाहिए, ताकि उन्हें ये पता चल सके कि कुछ परिवार ऐसे भी हैं, जिनके पास अपने बच्चों को घर पर रखने की जगह तक नहीं है। यह गरीब तपका इन बच्चों को अपने साथ फड़ियों पर लाकर सामान बेचने के बाद अपना जीवन यापन करते हैं। उन्होंने कहा कि इनकी रोज़ी रोटी कोई छीन नहीं सकता। बुद्धिराजा ने कहा कि करनाल प्रशासन द्वारा रातोंरात ग़रीबों से जगह ख़ाली करवाने की कोशिश करना व धमकी देना पूरी तरह अन्याय है।बुद्धिराजा ने करनाल के डीसी उत्तम सिंह से फोन पर बात की और उनसे आग्रह किया कि इन गरीब लोगों को तंग ना किया जाए। इनकी फड़ियां हटाकर गरीब परिवारों का रोजगार ना छीना जाए। बुद्धिराजा ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह घबराए नहीं, कांग्रेस पार्टी चट्टान की तरह उनके साथ खड़ी है और उन पर किसी प्रकार की आंच नहीं आने दी जाएगी। इसी बीच मौक़े पर सागर चंदेल , रोहित जोशी, विनोद तितोरिया, पंकज गाबा, दिलशेर सरपंच, विरेंदर बहल , मुकेश चोधरी , नीरज़ हूडा आदि रहे ।

## सरपंच एसोसिएशन ने मांगें पूरी होने के बाद विधायक का जताया आभार

# सरकार ने सरपंचो की मांगों को किया पूराः विशाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा





**करनाल।** विधानसभा क्षेत्र के सरपंच हलका विधायक हरविंदर कल्याण को गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार ने सरपंचो की मांगों को पूरा कर दिया है। जिसके चलते सरपंच काफ़ी उत्साहित नजर आ रहे हैं। रविवार को घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के सरपंचों में कूटेल कल्याण फार्म पर पहुंचकर प्रदेश मुखयमंत्री नायब सैनी व विधायक हरविंदर कल्याण का आभार जताया। सरपंचो कासरकार के पक्ष में नारेबाजी भी की। सरपंचो का कहना है कहना है कि सरकार ने उनकी मांगो को एक सहरानीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विधायक हरविंदर कल्याण ने भी सरपंचो की मांगो को लेकर काफ़ी संघर्ष किया है, इसलिए वह भी बधाई के पात्र है।

रविवार को सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल कल्याण, सरपंच बजिन्दर सिंह,राजेश कुमार, सरपंच, शुक्रमपाल बाल्मीकि, जगबीर पुनिया, तुलसी, सोनू, अजय दहिया, बिजेंद्र, राजेंद्र गाबा, बनता सिंह सहित काफ़ी सरपंचो ने कूटेल कल्याण फार्म पर पहुंच कर प्रदेश सरकार व विधायक हरविंदर कल्याण को गुलदस्ता देकर आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने उनकी लंबित मांगो को पूरा करके सरपंचो का मान सम्मान बढ़ाया है। सरपंचो का कहना है कि अब गांव में बेहतर विकास कार्य होंगे। विधायक हरविंदर कल्याण ने कहा कि सरकार ने समय समय पर पंचायती राज को मजबूत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले विधानसभा क्षेत्र कोई विकास नहीं हुआ था, लेकिन उसके बाद जितना विकास हुआ है, उतना विकास कभी नहीं हुआ। विधायक कल्याण ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि जब तक ग्रामीण क्षेत्र का विकास नहीं होगा, तब तक विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज गाँवो में तालाब, रास्ते, व्यायामशालए सहित अन्य कार्य हो रहे है। विधायक कल्याण ने कहा कि बीजेपी सरकार में जहाँ विकास कार्यो का पिटारा खुला है, वही व्यवस्थाओ को भी मजबूत किया है। इस अवसर पर मण्डल प्रधान सुभाष कश्यप, नरेश कैमला, महेंद्र कैमला, पूर्व सरपंच निशांत राणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### राजकीय स्कूल में पौधरोपण किया

**पानीपत।** राजकीय उच्च विद्यालय, नूरवाला की ब्रांच हुडा सेक्टर-18 में मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, समाजसेवी हरि ओम तायल, सारिका जैन, सुशीला देवी, सुमन, नीरज, ओमप्रकाश शास्त्री व विद्यालय के मुखिया विनोद कुमार सिंगला, महेश थरेजा, बोधराज श्योराण, हरिओम भारद्वाज, भीम सचदेवा आदि ने पौधे रोपे।

### स्कूल में विद्यार्थियों को पौधे बांटे

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जलालपुर प्रथम में बच्चों को पौधे बांटे गए। अमरूद, मेहंदी, अर्जुन, आंवला आदि के पौधे स्कूल परिसर में रोपे गए। स्कूल का हर विद्यार्थी पौधे रोपेगा। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र, पवन खुराना, विजय पाल, वीरभान, सोनू दहिया, सतवीर पीटीआई, सतीश क्लर्क, सतपाल आदि मौजूद रहे।

### अतिक्रमण से जनजीवन प्रभावित

**समालखा।** समालखा को और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले हथवाला रोड दुकानदारों के अतिक्रमण के चलते 33 फुट का रोड सिमटता जा रहा है। इस अतिक्रमण को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सिर्फ नोटिस देने तक सिमित रह गए है। वहीं, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि हथवाला रोड पर किनारे दुकानदारों द्वारा डाले गए रेत, रोड़ी, डस्ट आदि को हटाने के लिए अगले सप्ताह नोटिस दिए जाएंगे।

### आप पार्टी ने जन संवाद किया

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी ने पानीपत ग्रामीण हलके के गांव दीवाना में जन संवाद कर वहां के ग्रामीणों से गांव की 8समस्याओं को जाना और वादा किया कि प्रदेश में आप की सरकार बनने पर गांव दीवाना की हर समस्या का हल प्राथमिकता से करवाया जाएगा। इस अवसर पर आप के प्रदेश सह सचिव सुखवीर मालिक, होशियार सिंह इकबाल ᴾ राजवीर शाकिर अंसारी, प्यारेलाल गुप्ता राजकुमार मुंडे संदीप मनचंदा, अमित आदि उपस्थित रहे।

### जनहितैषी पार्टी है कांग्रेस

**पानीपत।** अपने जनसंपर्क अभियान के तहत पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सिद्धार्थ नगर में पहुंच कर उपस्थित लोगों से मुलाकात कर कांग्रेस पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. ओमवीर सिंह पंवार ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में आने वाली सरकार कांग्रेस बनेगी और सरकार बनने पर ग्रामीण हलके की बाहरी कॉलोनियों में प्राथमिकता के साथ विकास कार्य करवाए जाएंगे।

### सुरक्षा कर्मियों की भर्ती होगी

**पानीपत।** एसआईएस कम्पनी द्वारा बेरोजगार प्रार्थियों के लिए पानीपत जिले के विभिन्न ब्लॉक में सुरक्षा कर्मी व सुरक्षा सुपरवाईजर पदों की भर्ती के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्राप्त रिक्तियों के विरूद्ध साक्षात्कार हेतु इच्छुक युवाओं का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने दी।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार 8 जुलाई को प्रातः 12 बजे जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में जिला कष्ट निवारण की समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर करेंगे।

### इको क्लब ने पौधे रोपे

**समालखा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय करहंस के इको क्लब द्वारा आयोजित शिविर में पौधरोपण किया गया। वहीं समाजसेवी एवं उद्योगपति हरिओम तायल, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, मुख्याध्यापिका रेखावंती, जयपाल शास्त्री, स्काउट के जिला संगठन आयुक्त गुलाब पांचाल, प्राचार्य डा. रविंद्र डिकाडला, जयपाल शर्मा, मुकेश बोस आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने वृद्ध व अनाथ लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना

# मुख्यमंत्री नायब ने अनाथ व वृद्ध आश्रम का शुभारंभ किया

**सीएम ने 21, मंत्री व सांसद ने 11-11 लाख की ग्रांट जनसेवा समिति संस्थान को देने की घोषणा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मुख्यमंत्री नायब सैनी, वृद्धों से मुलाकात करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जनसेवा समिति संस्थान रोहतक की पानीपत शाखा के तत्वावधान में रविवार को सौंधापुर गांव में अनाथ एवं वृद्ध आश्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि यह आश्रम जरूरतमंदों व असहायों की मदद में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है जो सामाजिक क्षेत्र में दूसरों के लिए सेवाभाव को लेकर कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस देश के निर्माण में संतों, महापुरूषों का महत्वपूर्ण स्थान है। सेवा के लिए ये महापुरूष हमेशा प्रेरणादायक साबित होते रहेंगे। उन्होंने संस्थान को 21 लाख रुपये की राशि अपने निजी कोष से सहायतार्थ प्रदान करने की घोषणा की व जरूरत पड़ने पर और सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि 400 बेड का यह आश्रम मानव सेवा की जीती जागती मिसाल है। यह उन लोगों के लिए बहुत ही मददगार साबित होगा जो समाज की मुख्य धारा से कट गए थे। संस्थान द्वारा किए गए इस पवित्र कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार के साथ समाज भी इस तरह के पुनीत कार्य को आगे बढ़ाने व जनकल्याण के लिए सदैव तत्पर रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वृद्धजनों के उत्थान के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई है जिनका वर्तमान में वृद्धों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन में वृद्धि करके बुजुर्गों का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों का आश्रय नहीं है वे इस आश्रम का लाभ लेंगे। उन्होंने वृद्ध आश्रम का दौरा कर वृद्ध व अनाथ लोगों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल भी पूछा। इस मौके पर संस्था के प्रधान सतीश गोयल ने बताया कि इस आश्रम के निर्माण पर 10 करोड़ की लागत आई है। आश्रम के निर्माण में विकास, पंचायत एवं सहाकारिता राज्य मंत्री महीपाल ढांडा व राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने भी अपने एच्छिक कोष से 11-11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया, स्वामी परमानंद इत्यादि उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल की फर्जी पार्टनरशिप डीड बनवाई, दंपति पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की गोहाना रोड स्थित सरदाना अस्पताल के नाम पर धोखाधडी का मामला हुआ है। वहीं, पुलिस को दी शिकायत में डॉ. वंदना सरदाना ने बताया कि वह गोहाना रोड स्थित सरदाना अस्पताल की निवासी हैं। उन्होंने जुलाई 2021 में अपना सरदाना अस्पताल सरदाना बेंज अस्पताल एलएलपी को 10 साल के लिए लीज पर दिया था। जिसके पार्टनर विनोद जुनेजा, जाह्नवी सरदाना और मेसर्स सरदाना अस्पताल (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड हैं। उक्त अस्पताल में गांव काबड़ी निवासी राजेश कुमार लैब चलाता है। उसे अस्पताल से डायग्नोस्टिक लैब चलाने की अनुमति मिली हुई है। वहीं, गत वर्ष अगस्त-सितंबर में राजेश कुमार ने अस्पताल के पार्टनर और मालिक की सहमति, जानकारी या अनुमति के बिना अपनी पत्नी शशि बाला के साथ मिलकर अवैध रूप से फर्जी पार्टनरशिप डीड तैयार की और सरदाना बेंज अस्पताल के नाम से फर्जी फर्म खोली। उसने इसके लिए पैन कार्ड भी अप्लाई किया। उसने उक्त फर्जी फर्म के दो बैंकों में खाते भी खुलवाए। आयुष्मान योजना का लाभ लेने के लिए फर्जी फर्म के सभी दस्तावेज जैसे पार्टनरशिप डीड और नया बैंक खाता आदि आयुष्मान योजना के तहत जमा करवाए, ताकि सरदाना अस्पताल से इलाज हो और उसकी रकम उसके फर्जी खातों में आती रहे। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जन सेवा दल ने 300 जरूरतमंदों को बांटा मासिक राशन



**पानीपत।** देवलोक वासी स्वामी विशुद्धानंद जी महाराज की प्रेरणा से रविवार को 300 अति निर्धन जरूरतमंदों को जनसेवा दल कार्यालय में राशन वितरत किया गया। मंच पर राजेंद्र रत्न, ब्रह्मऋषि महाराज व किशोर गोसाई ने सदेव धर्म की राह अपनाने व नेकी के कार्य करने का संकल्प करने की प्रेरणा दी। महासचिव चमन गुलाटी ने कहा कि हमारा जीवन परीक्षाओं से भरा है। ईश्वर नित नई सेवाए देते हैं। उसकी कृपा से असंभव कुछ भी नहीं। समाजसेवी युधिष्ठिर शर्मा ने कहा कि सेवा क्षेत्र के सभी सेवकों का कर्तव्य है कि वह दीन दुखियों के आंसू पोछने के साथ उनके आसूं स्थाई रूप से रोकने के लिए भरसक प्रयत्न करें। मुख्य अतिथि अमित डुडेजा का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत प्रधान कृष्ण मनचंदा ने किया गया। मुख्यअतिथि अमित डूडेजा ने कहा कि सेवा से ही जीवन सफ ल है। वहीं कार्यक्रम में कैलाश लथुरा का भी सम्मान किया गया। समारोह में प्रधान कृष्ण मनचंदा, महासचिव चमन गुलाटी, युधिष्ठिर शर्मा, शाम लाल खुंगर, कमल गुलाटी, शशिभूषण व लेखराज जताना आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# श्री एसडी एजुकेशन सोसायटी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सेक्टर 11-12 स्थित एसडी विद्या मंदिर स्कूल हुडा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया गया। श्री एसडी एजुकेशन सोसायटी के संरक्षक रोशन लाल मित्तल, सचिव नरेश गोयल, एसडी विद्या मंदिर हुडा के चेयरमैन सतीश चंद्रा, सचिव तुलसी सिंगला, प्रधानाचार्या डा.अनु गुप्ता ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनकाअभिनंदन किया। वहीं स्कूल के ग्यारहवीं कक्षा के होनहार विद्यार्थी नवनीत ने मुख्यमंत्री की पेंटिंग अपने हाथों से बनाकर उन्हें भेंट की। कार्यक्रम में सोसायटी के सदस्य सुरेंद्र मित्तल व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। श्री एसडी एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों और एसडी विद्या मंदिर हुडा की प्रबंधक समिति ने उनका धन्यवाद किया।

# शहीद के माता व पिता का जीवन हुआ अंधकारमय

- शहीद मेजर आशीष के परिजनों का वीरांगना पर गंभीर आरोपी
- सरकार से मिले सारे लाभ लेकर मायके चली गई शहीद आशीष की पत्नी
- परिजनों ने सीएम से न्याय की गुहार लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव बिंझौल निवासी शहीद मेजर आशीष धौंचक की शहादत को एक साल भी पूरा नहीं हुआ है, वहीं उनके पिता चौधरी लाल चंद व माता कमला का जीवन अंधकारमय हो गया है। माता व पिता का आरोप है कि शहीद मेजर आशीष की विरांगना यानि उनकी बहू, सरकार से मिलने वाली राशि, घर-मकान समेत अन्य लाभ अपने नाम करवा कर मायके चली गई। कई माह बीत जाने के बाद वह वापस नहीं लौटी। यहां तक कि उसने और उसके परिवार वालों ने उनसे बातचीत तक करनी बंद कर दी। इधर, शहीद मेजर आशीष के पिता व माता, हरियाणा पंचायत मंत्री एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा से विधायक महीपाल ढांडा के जरिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुहार लगाई है। उन्होंने सरकारी नौकरी उनकी बहू को न दिए जाने समेत अन्य मांग रखी है। वहीं सीएम सैनी ने शहीद के माता व पिता को न्याय दिलवाने का आश्वासन दिया है। स्मरणीय है कि 13 सितंबर 2023 को चौधरी लालचंद व कमला काइकलौता बेटा मेजर आशीष धौंचक, जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

**पौती को लेकर मायके चली गई बहू**

कमला ने बताया कि बेटे आशीष की शहादत के बाद से बहू ज्योति का व्यवहार बदलने लगा था। सरकारी लाभ मिलने तक तक ज्योति उनके साथ सहयोग कर रही थी। सरकारी लाभ मिलते ही ज्योति उनकी पौती वामिनी व घर से 30 तौले सोने से बने जेवर लेकर अपने जींद स्थित मायके चली और बार बार बुलाने के बाद भी वापस नहीं आई। उन्होंने ज्योति को वापस लाने के पंचायती व सामाजिक स्तर पर प्रयास किए, लेकिन ज्योति ने सुसराल आने से इंकार कर दिया। ज्योति ने टीडीआई, पानीपत में स्थित उनका आधा मकान भी अपने नाम करवा लिया है और घर के उपर वाले हिस्से में ताला लगा दिया। उन्होंने प्रदेश सरकार से ज्योति को सरकारी नौकरी का प्रस्ताव नामंजूर करने की मांग की। यह नौकरी उनकी बेटी को दी जाए, बेटी ही उनकी देखरेख कर रही है। उन्होंने बताया कि थल सेना की ओर से भी 8उन्हें कोई मदद नहीं मिल रही। आर्मी कैंटिन का कार्ड भी नहीं बन पाया है और ना ही मेडिकल सुविधाएं मिल रही है।



समालखा के गांव देहरा में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचते हुए डॉ. वीरेंद्र कुमार।

### इंसान का पहला सुख है निरोगी काया : डॉ. वीरेंद्र

**समालखा।** पानीपत के गांव देहरा स्थित सैनी सेवा ट्रस्ट कार्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, शिविर में फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. वीरेंद्र कुमार ने नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। उन्होंने स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सांसारिक जीवन में स्वास्थ्य सब सुखों का द्वार और आधार है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम होता है। यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक तंतु का संतुलन होता है जो हमारी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। स्वास्थ्य का मतलब बस बीमार नहीं होना नहीं होता, बल्कि यह विभिन्न पहलुओं का सम्मिलित होता है जो हमारे जीवन को सुखमय और सफल बनाते हैं। जबकि समाजसेवी मामन छाछिया ने युवाओं से नशा मुक्ति जीने की अपील करते हुए कहा कि नशा नाश का द्वार है। इस अवसर पर ट्रस्ट की चेयरपर्सन माया देवी, रामफल नम्बरदार, ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य कर्ण सिंह सैनी, बलबीर सिंह, सोहन लाल, संजय, मोहन लाल, सतीश , मोहित, टोनी, नन्द किशोर, जितेंदेर, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कांग्रेस के झूठे प्रचार को जनता के सामने उजागर करें भाजपा कार्यकर्ता

- श्रम मंत्री ने पानीपत में भाजपा की जिलास्तरीय बैठक को संबोधित किया, कार्यकर्ताओं से भाजपा को तीसरी बार सत्ता में लाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। भाजपा की बैठक में जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

आर्य कॉलेज के सभागार में विस्तारित भाजपा जिला कार्यकारिणी की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। जबकि हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, खाद्य आपूर्ति और उपभोक्ता मामले एवं श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा मुख्य वक्ता और राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार, पूर्व सांसद संजय भाटिया, जिला भाजपा प्रभारी उमेश शर्मा विशिष्ट वक्ता के रूप में मौजूद रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और सभी पदाधिकारियों ने मुख्य वक्ता को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इधर, अपने संबोधन में मंत्री मूलचंद ने कहा कि पानीपत जहां ऐतिहासिक, धार्मिक, औद्योगिक और व्यापारिक शहर है, वहीं पानीपत नगर हरियाणा की राजनीति का मुख्य केंद्र बन गया है। पानीपत शहरी विधानसभा प्रथम, पानीपत ग्रामीण द्वितीय स्थान पर रहे और इसराना और समालखा विधानसभा ने भी जीत दिलाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई और उन्हें उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव में भी इस जिला के कर्मठ कार्यकर्ता भाजपा को हरियाणा में तीसरी बार जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के झूठे प्रचार का सच भी जनता के सामने लाना होगा।



पानीपत के गांव बापौली में समाजसेवी शशिकांत

## गोशालाओं को 40 लाख का दान दे चुके हैं समाजसेवी शशिकांत

**पानीपत।** पानीपत के बापौली स्थित शगुन गार्डन में भाजपा नेता व हलका समालखा पूर्व भाजपा प्रत्यासी शशिकांत कौशिक ने बापौली मंडल के कार्यकर्ता साथियों के साथ बैठक की। वहीं, कौशिक ने चुनाव प्रचार की शुरूआत से पहले अपने बड़े बुजुर्गों और युवा साथियों से मुलाकात करते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया और बड़ों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मीटिंग में उपस्थित सभी कार्यकर्ता साथियों ने मुझे उसे विश्वास दिलाया है कि वे इस बार खुद शशिकांत बनकर चुनाव लड़ेंगे और पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़े रहेंगे। कौशिक ने कहा कि हमारे संघर्ष और समर्पण से ही बदलाव संभव है। साथियों के समर्थन और सहयोग से मिलकर एक नया इतिहास रचेंगें और मिलकर विधानसभा चुनाव में विजय की नींव रखें और समालखा को एक नई दिशा देंगें। इस दौरान शशिकांत कौशिक ने कई गोशालाओं को 51 हजार रुपये की नगद राशि सहयोग स्वरूप देते हुए बताया कि वे हलका समालखा की विभिन्न गोशालाओं में करीब 40 लाख रुपये का आर्थिक सहयोग कर चुके है। इससे पूर्व शशिकांत कौशिक का फूल मालाओं से पगडी पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

# जनता का विश्वास खो चुकी है भाजपा सरकारः कुंडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन कुंडू ने कहा कि प्रदेश में पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में माहौल है और हरियाणा में इस बार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार का बनना तय है। वहीं, प्रदेश में कांग्रेस की बनने वाली सरकार में पानीपत ग्रामीण हलके की भी हिस्सेदारी होनी चाहिए। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारी शुरू करनी है। सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कांग्रेस पार्टी की जन कल्याणकारी नीतियों और कांग्रेस पार्टी के संकल्प पत्र को ग्रामीण हलके के अपने-अपने बूथों पर जन-जन तक पहुंचाना है।

भाजपा सरकार की करीब 10 साल की नाकामियों को जनता के सामने उजागर करना है और हर वर्ग को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस से जोड़ना है। सचिन कुंडू रविवार को हुडा सेक्टर 25 स्थित शगुन बैंकट हाल में उनके द्वारा आयोजित पानीपत ग्रामीण हलके के कार्यकर्ताओं के आभार अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है और जनता का विश्वास खो चुकी है। वहीं प्रदेश की जनता हरियाणा में सत्ता का परिवर्तन कर कांग्रेस की सरकार बनवाने का मन बना चुकी है। इस अवसर पर बडी संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### इंटरनेशनल लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित हुए ग्रीनमैन प्रो. दलजीत



**पानीपत।** देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में इतिहास विभाग में सहायक प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार को विश्व पर्यावरण दिवस पर सिध्वी फाउंडेशन तेलंगाना व ग्लोबथिक साउथ एशियन सेंटर जेनेवा, स्विट्जरलैंड द्वारा दो दिवसीय पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजन ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में अंतरराष्ट्रीय लाइफ टाइम अवार्ड प्रदान किया। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय के इको क्लब के सौजन्य से प्रो. दलजीत कुमार को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिलने पर महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. रितु नेहरा ने कहा कि प्रो. दलजीत कुमार के निश्वार्थ पर्यावरण संरक्षण के कामो को देखते हुए ये इस सम्मान के सच्चे हकदार है। प्रो. दलजीत सिंह ग्रीनमैन को बधाई देते हुए कहा कि दलजीत कुमार शिक्षक समाज का गौरव है। इन्होंने शिक्षक समाज का नाम भी रोशन किया है। पानीपत पूर्वांचल समाज की पूर्व अध्यक्ष मधु सुकला ने सम्मान समारोह में पहुंचकर बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. नरसिंह जांगड़ा, प्रो. सरोज चौहान, प्रो. स्नेहलता, प्रो. बृजेश बराड़ा, प्रो. सोनिया दहिया, प्रो. दलबीर देसवाल, प्रो. सविता नैन, प्रो. दिनकर शर्मा, प्रो. सुधीर पुजारा,रमेश चौधरी, संदीप कल्याणी, प्रो. दीप्ति, प्रो. कंवरपाल, प्रो. नरेश ढांडा, प्रो.डिम्पल, प्रो.शिवम, प्रो.पूजा, प्रो.सीमा, प्रो.मोनिका आदि मौजूद रहे।

## मंत्री को समस्याओं से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 18 पानीपत की आरडब्ल्यूए के प्रधान परवार कादियान ने अपनी कार्यकारिणी के साथ पंचायत एवं सहकारिता मंत्री हरियाणा सरकार महीपाल ढांडा से मिलकर समस्याओं एवं मांगों से अवगत करवाया। प्रधान परवार कादियान ने बताया कि मंत्री महीपाल ढांडा के समक्ष सैक्टर 18 के पार्कों के सौंदर्यकरण एवं आधुनिक सुविधाओं के साथ साथ सामुदायिक केंद्र को आधुनिक तरीके से बनवाने और ग्रीन बेल्ट की चारदीवारी को बनवाने बारे मांग रखी गई है। वहीं मंत्री ढांडा ने मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रदीप मलिक, महासचिव दक्षिता बिजेंद्र देशवाल, उपप्रधान विनोद कुमार, संयुक्त सचिव रघबीर शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य डाक्टर राजपाल राठी, प्राचार्य अनिल कुमार सुलेख, राजबीर मलिक, नरेंद्र ढांडा, काबल सिंह, शिव करण, राजेश कादियान, ईश्वर सिंह मलिक, रामफल मान आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** शुगर मील परिसर में रोपे जाएंगे 5100 पौधे : ढांडा

# सहकारी मंत्री महिपाल ने पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत शुगर मील में पौधारोपण करते हुए सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा आदि।

वातावरण को हराभरा रखने की कवायद को आगे बढ़ाने के लिए शुगर मील परिसर में 5100 पौधे लगाए जाएंगे, जिसकी शुरूआत प्रदेश के विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और पौधों का बचाव करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। दुनिया भर में पर्यावरण संतुलन जिस तरह से बिगड़ रहा है उसमें पेड़ ही पर्यावरण को नई ताकत दे सकते हैं। वहीं, ढांडा ने कहा कि बरसात के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है और इसी कड़ी में शुगर मील में पहले चरण में 500 पौधे रविवार को रोपित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम जितना अधिक पौधे लगाएंगे, पर्यावरण उतना ही स्वच्छ रहेगा। इधर, एडीसी डॉ. पंकज यादव ने भी पौधरोपण करते हुए कहा कि शुगर मील का प्रत्येक कर्मचारी एक-एक पौधा गोद लेगा और उसका रखरखाव भी करेगा ताकि उसका संरक्षण अच्छी तरह से हो सके। उन्होंने कहा कि हम पर्यावरण के प्रति जितना संचेत रहेंगे उतना ही आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस परिसर में भिन्न-भिन्न किस्मों के पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण का यह सांझा प्रयास एक अनूठी पहल होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बरसात के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और पर्यावरण को हरा-भरा करने में सहयोग दें।

